# डेजी और जैकलीन होंगी सलमान की अगली फिल्म का हिस्सा!



जब से रेमो डिसूजा ने अपनी आने वाली डांस बेस्ड फिल्म में सलमान को लेने की घोषणा की है, तभी से इस बात को लेकर चर्चाओं का बाजार गरम है कि, फिल्म में सलमान के अपोजिट कौन सी अभिनेत्री होगी? रेमो की यह फिल्म एक डांस बेस्ड फिल्म होगी जिसमें सलमान खान को एक 13 साल की लड़की के डांसर पिता की भूमिका निभाना है। चर्चा है कि फिल्म में दो नायिकाएं होंगी, जिसमें एक सलमान के अपोजिट होगी दूसरी सलमान की बेटी का किरदार निभाएगी। हाल ही में खबर आई है कि सलमान की बेटी का किरदार डेजी शाह निभा सकती है। बता दें कि डेजी शाह ने सलमान की फिल्म जय हो से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की थी। वहीं दूसरी अभिनेत्री के तौर पर






जैकलीन फर्नांडिस का नाम सामने आया है। पिछले दिनों खबर आई थी कि सलमान की यह फिल्म 'एबीसीडी' सिरीज का तीसरा पार्ट होगी। लेकिन सलमान और खुद रेमो ने इस खबर का अफवाह करार दिया। जल्द ही कोरियोग्राफर से निर्देशक बने रेमो डिसूजा के निर्देशन में एक डांस बेस्ड फिल्म 'डांसर डैड' की शूटिंग शुरू करेंगे, जिसके लिए सलमान को कुछ पतला होना होगा, जिससे वह नृत्य आधारित इस फिल्म में एक



नृतक की भूमिका को अच्छी तरह से निभा सके।

# बड़ी डेट्स पर बड़ी फिल्मों का क्लैश अभी बाकी है!


बीते कुछ सालों से बॉलिवुड में हर कोई स्टार ज्यादा कमाई की





चाहत में कमाऊ रिलीज डेट पर अपनी फिल्म रिलीज करना चाहता है। यही वजह है कि बॉलिवुड में बड़ी रिलीज डेट्स पर क्लैश की तादाद





काफी बढ़ गई है। बीते साल इंडिपेंडेंस डे पर रितिक रोशन की मोहेंजोदारो और अक्षय कुमार की रुस्तम के बीच क्लैश हुआ था, तो उससे पहले क्रिसमस पर शाहरुख खान की दिलवाले के ऑपजिट रणवीर सिंह की बाजीराव मस्तानी रिलीज हुई थी। यही नहीं, इस साल रिपब्लिक डे पर शाहरुख खान की रईस और रितिक रोशन की काबिल के बीच मेगा क्लैश हुआ था। हालांकि इस बीच कुछ बॉलिवुडवालों ने क्लैश से बचने की कोशिशें की हैं। जानकारों की अगर मानें, तो इन क्लैशेज में किंग खान को नुकसान उठाना पड़ा। इसलिए उन्होंने इस साल इंडिपेंडेंस डे पर अक्षय कुमार की टॉयलेट एक प्रेमकथा के ऑपजिट अपनी फिल्म जब हैरी मेट सेजल का क्लैश टालने के लिए इसे एक हफ्ता प्रीपॉन कर दिया। उधर श्रद्धा कपूर की हसीना भी रणबीर कपूर की जग्गा जासूस के ऑपजिट रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह पोस्टपोन हो गई है। वहीं संजय दत्त की रणबीर कपूर स्टारर बायोपिक भी क्रिसमस पर सलमान खान की टाइगर जिंदा है के ऑपजिट अनाउंस हुई थी, लेकिन अब फिल्म की रिलीज अगले साल के लिए पोस्टपोन कर दी गई है। **जारी रहेगा क्लैश का सिलसिला :** बावजूद इसके कम कमाऊ





रिलीज डेट्स और बॉलिवुड में दिनोंदिन बढ़ती फिल्मों की संख्या के चलते बॉक्स ऑफिस पर क्लैश का सिलसिला जारी रहने वाला है। बड़ी रिलीज डेट्स की अगर बात करें, तो इंडिपेंडेंस डे का क्लैश भले ही किंग खान ने टाल दिया हो, लेकिन दिवाली पर अजय देवगन की गोलमाल अगेन की टक्कर आमिर खान की सीक्रिट सुपरस्टार से होने वाली है। वहीं चर्चा है कि कमल हासन भी अपनी सुपरहिट फिल्म विश्वरूपम के सीक्वल विश्वरूपम 2 को दिवाली पर ही रिलीज करने की प्लैनिंग कर रहे हैं, जिसका




उन्होंने हाल ही में फर्स्ट लुक जारी किया है। पहले दिवाली पर रजनीकांत और अक्षय कुमार की 2.0 भी रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म अगले साल रिपब्लिक डे के लिए पोस्टपोन हो गई है। हालांकि वहां पर इसका मुकाबला डायरेक्टर नीरज पांडे की सिद्धार्थ मल्होत्रा और मनोज वाजपेयी स्टारर अय्यारी से होगा। वहीं इसी रिलीज डेट पर सुशांत सिंह राजपूत और नवाजुद्दीन सिद्दीकी की चंदा मामा दूर के भी शिड्यूल्ड हैं। इनके अलावा, डायरेक्टर-प्रड्यूसर उमंग कुमार की फिल्म फाइव की रिलीज डेट भी 26 जनवरी 2018 ही अनाउंस की हुई है। पहले इसके लिए अक्षय कुमार का नाम चला था, लेकिन अब अक्षय ने इस फिल्म से हाथ खींच लिया है। **क्रिसमस 2018 पर महामुकाबला :** हालांकि अभी अगले साल की ईद और इंडिपेंडेंस डे की रिलीज डेट के लिए फिल्में




अनाउंस नहीं हुई हैं। लेकिन माना जा रहा है कि ईद पर सलमान खान की दबंग 3 और इंडिपेंडेंस डे पर अक्षय




कुमार की गोल्ड रिलीज होगी। लेकिन बात अगर क्रिसमस की करें, तो इस रिलीज डेट पर अभी से महामुकाबला तय हो गया है। शाहरुख खान ने अपनी डायरेक्टर आनंद एल राय की अनाम फिल्म की रिलीज डेट काफी पहले ही क्रिसमस 2018 अनाउंस कर दी थी। उसके बाद रितिक रोशन ने भी अपनी सुपरहिट कृष सीरीज की अगली फिल्म कृष 4 की रिलीज डेट शाहरुख के ऑपजिट अनाउंस कर दी। पहले राकेश रोशन ने कहा था कि वह अपनी फिल्म की रिलीज डेट चेंज कर लेगे, लेकिन किंग खान की रईस और रितिक की काबिल के मेगा क्लैश के बाद इन दोनों फिल्मों का क्लैश टलने की उम्मीदें बेहद कम हो गई हैं। यानी कि अब इस मुकाबले के होने के काफी चांस हैं। वहीं सलमान खान ने सबसे आगे बढ़कर क्रिसमस 2019 के लिए अपनी फिल्म किक के सीक्वल किक 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। ऐसे में, देखना दिलचस्प होगा कि क्रिसमस को अपनी लकी रिलीज डेट मानने वाले आमिर खान अपनी अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की बायॉपिक को क्रिसमस पर ही रिलीज करेंगे या फिर सलमान की खातिर वह अपनी लकी रिलीज डेट छोड़ देंगें।

# 'बादशाहो' 80 दिनः 96 घंटे, 600 किमी., लाखों का सोना और 6 बदमाश




पिछले डेढ वर्ष से लगातार चर्चाओं में रही अजय देवगन की फिल्म 'बादशाहो' की शूटिंग पूरी हो चुकी है और आगामी 1 सितंबर को प्रदर्शित होने जा रही इस फिल्म का अजय देवगन ने अपने ट्विटर अकाउंट से



प्रमोशन करना शुरू कर दिया है। सोमवार को ही उन्होंने इस फिल्म का पहला पोस्टर शेयर किया था और आज मंगलवार को एक और पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वह मुंह पर स्कार्फ बांधे, हाथ में पिस्तौल लिए दिखायी दे रहे हैं। इसके पहले लुक से ही फिल्म के प्लॉट के बारे में काफी कुछ पता चल गया। फर्स्ट लुक में एक ट्रक नजर आ रहा है। इसके पहले लुक को साझा करते हुए अजय ने लिखा कि, '1975 की इमरजेंसी, 96 घंटे, 600 किमी, बादशाहो' की आंधी जल्द आ रही है।' इस ट्वीट से और इसके फर्स्ट लुक से यह बात भी सामने आई है कि इस ट्रक में 6 लोग सवार हैं। इतना तो तय है या तो इस ट्रक को लुटने की कोशिश की जा रही है या इसे लुटने से बचाया जा रहा है। मंगलवार को जारी हुए इस पोस्टर में अजय काले रंग के कपडे पहने नजर आ रहे हैं और साथ ही वह बैंडाना से अपने चेहर`को ढके हुए भी



हैं। अजय के हाथों में दो बंदूक भी हैं। फिल्म की शूटिंग जोधपुर के साथ मुबंई में भी हुई है। इस फिल्म का निर्देशन मिलन लुथरिया ने किया है। मिलन इससे पहले अजय देवगन के साथ कच्चे धागे, चोरी-चोरी, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई और द डर्टी पिक्चर जैसी फिल्में बना चुके हैं। बादशाहो में मिलन लूथरिया ने सनी लियोनी का एक आइटम नंबर भी रखा है। सनी पिछली बार शाहरुख खान के साथ रईस के आइटम नंबर 'लैला मैं लैला' में नजर आई थीं। इस बार वे इमरान हाशमी के साथ ताल से ताल मिलाती नजर आएंगी। इस फिल्म में जहां अजय देवगन, इमरान हाशमी नजर आएंगे वहीं दूसरी ओर इलियाना डिक्रूज, ईशा गुप्ता भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। अजय देवगन जहां मिलन के साथ चौथी फिल्म कर रहे हैं, वहीं इमरान हाशमी उनके साथ दूसरी बार काम कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि मिलन लूथरिया



ने अपना निर्देशकीय सफर अजय देवगन सैफ अली खान और मनीषा कोइराला अभिनीत कच्चे धागे से शुरू किया था। इस फिल्म की सफलता ने मिलन को आम निर्देशकों से अलग साबित किया था। अपने अब तक के



करियर में मिलन ने जिन फिल्मों को निर्देशित किया है वो बॉक्स ऑफिस पर कमोबेश सफल ही रहीं हैं एक मात्र अपवाद के तौर पर उनकी फिल्म चोरी-चोरी ऐसी रही है जिसने बॉक्स ऑफिस पर असफलता का मुंह देखा था। इस फिल्म में अजय देवगन और रानी मुखर्जी ने केन्द्रीय भूमिका निभाई थी। एकता कपूर निर्मित और विद्या बालन अभिनीत द डर्टी पिक्चर ऐसी फिल्म रही थी जिसने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। यह फिल्म दक्षिण की तारिका सिल्क स्मिता की बायोपिक फिल्म थी।

# 16 साल बाद तेलुगु फिल्म से परदे पर लौटी के3जी की मालविका राज

सुपरहिट फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट नजर आई अभिनेत्री मालविका राज बहुत जल्द तेलुगु फिल्म निर्देशक जयंत सी. परांजी की तेलगु फिल्म 'जयदेव' से बडे पर्दे पर वापसी कर रही हैं। साल 2001 में आई फिल्म कभी खुशी कभी गम में करीना कपूर के बचपन का रोल निभाने वाली मालविका राज अब पूरी तरह से बदल चुकी हैं। लगभग 16 साल बाद मालविका तेलुगू फिल्म 'जयदेव' के साथ वापसी कर रही हैं। यह फिल्म 9 जून को रिलीज हो रही है। मालविका ने हाल ही में यू एंड आई नाम की मैगजीन के जून माह के अंक के लिए फोटोशूट करवाया है, तस्वीर में वे बैकलेस दिख रही हैं। यह पहली बार है जब मालविका किसी मैगजीन के कवर पेज पर दिख रही हैं। फिल्म 'जयदेव' से मालविका के साथ घंटा रवि भी अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं। घंटा रवि आंध्र प्रदेश के मंत्री श्रीनिवासा राव के बेटे हैं। मालविका राज सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव हैं। बदलते वक्त के साथ अभिनेत्री का अंदाज बिल्कुल बदल चुका है। मालविका ने कहा, इन 16 सालों में मैंने अपनी पढाई के साथ-साथ कथक और वेस्टर्न डांस सहित अभिनय भी सीख लिया है। अनुपम खेर के एक्टिंग स्कूल से मालविका ने एक्टिंग का कोर्स पूरा किया है। कभी खुशी कभी गम में रितिक और शाहरुख के साथ काम कर चुकीं मालविका रणबीर कपूर की सबसे बडी फैन हैं। उन्होंने कहा, मौका मिला तो उनके साथ जोडी जमाना चाहूंगी। करण जौहर, इम्तियाज अली और राजकुमार हिरानी के साथ काम करने की इच्छा रखने वाली मालविका सुप्रसिद्ध निर्माता बॉबी राज और ख्यात चरित्र अभिनेता जगदीश राज की पोती हैं। जयदेव एक रोमांटिक एक्शन फिल्म जिसका निर्माण अशोक कुमार, निर्देशन जयंत सी.परांजी ने किया है। इस फिल्म की पटकथा हर्षवर्धन ने लिखी है और इसका संगीत मणि शर्मा ने दिया है। यह तमिल फिल्म 'सेतुपथी' का रीमेक है। घंटा रवि और मालविका के अतिरिक्त इस फिल्म में प्रदीप राउत, मुकेश ऋषि, तनीकेला बहरानी, पोसानी कृष्णा मुरली, ऐश्वर्या, झांसी, सत्यकृष्णा और समीर अन्य महत्त्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# अपने बच्चों के साथ इटली में कुछ यूं वेकेशन मना रहीं संजय दत्त की पत्नी मान्यता



इन दिनों संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त इटली में अपने बच्चों के साथ वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं. मान्यता दत्त अपने बच्चों शाहरान और इकरा के साथ इस ट्रिप को काफी इंजॉय कर रही हैं. मान्यता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इटली की कई सारी तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिससे यह साफ पता लगता है कि मान्यता अपने बच्चों के साथ जमकर छुट्टियां मना रही हैं. मालूम हो संजय दत्त मान्यता के इस टूर का हिस्सा नहीं बन पाएं हैं. इसके पीछे की वजह यह है कि वह अपनी आने वाली फिल्मों के लिए काफी व्यस्त चल रहे हैं. बता दें, संजय दत्त अपनी कम बैक फिल्म भूमि के तैयार होने का इंतजार कर रहे हैं तो वहीं अपनी दूसरी फिल्म साहेब बीवी और गैंगस्टर 3 की शूटिंग भी शुरू कर चुके हैं.



बता दें, संजय दत्त और मान्यता की शादी 2008 में हुई थी. शादी के बाद से मान्यता हर मौके पर संजय दत्त का साथ देती नजर आती रही हैं. संजय दत्त और मान्यता की उम्र में करीब 20 साल का अंतर है. साल 2003 में आई प्रकाश झा की फिल्म गंगाजल में मान्यता ने एक आइटम सॉन्ग अल्हड़ जवानी में नजर आ चुकी हैं.

# मिक्स्ड मार्शल आर्ट स्कूल लॉन्च करेंगे टाइगर



टाइगर श्रॉफ ऑन्त्रप्रन्योर और फिल्म प्रड्यूसर इम्तियाज खत्री के साथ मिलकर जल्द ही पूरे देश में मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग स्टूडियो शुरू करने वाले हैं। इस कड़ी का पहला ट्रेनिंग स्कूल बांद्रा में लॉन्च भी हो गया है। टाइगर-इम्तियाज की प्लानिंग है कि अगले दो साल में ऐसे 12 स्टूडियो शुरू किए जाएं। इस खबर को कन्फर्म करते हुए टाइगर कहते हैं, मैं इस प्रोजेक्ट को लेकर इम्तियाज के साथ जुड़कर काफी खुश हूं। यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं खुद मार्शल आर्ट्स का स्टूडेंट हूं और हमेशा रहूंगा। यह खेल ग्लोबल स्तर पर बहुत ही तेजी से आगे बढ़ रहा है। मेरी पहली फिल्म हीरोपंती के बाद मुझे जो प्यार फैन्स की तरफ से मिला, खासकर यंग लोगों की तरफ से, मैं उसके बदले में सोसायटी को कुछ देना चाहता था। और मुझे लगता है कि यह एक बेहतरीन चीज है जो मैं अपने फैन्स को दे सकता हूं। इस प्रोजेक्ट से जुड़े इम्तियाज खत्री बताते हैं, हमारा प्लान अगले दो सालों में ऐसे 12 स्टूडियोज़ शुरु करने का है। टाइगर खुद भी इसमें दिलचस्पी ले रहे हैं। हमने बांद्रा में 3000 स्क्वायर फीट की जगह में यह स्टूडियो ओपन किया है और अब उसके इंटीरियर का काम भी शुरु हो गया है। हम इसे 3 महीने में पार्टिसिपेंट्स के लिए खोल देंगे। क्या यहां होने वाली क्लासेज को टाइगर खुद मॉनिटर करेंगे? इसके जवाब में इम्तियाज बताते हैं, टाइगर तो ऐसा करना चाहते हैं, लेकिन उनका एक्टिंग करियर उन्हें काफी बिजी रखता है। फिलहाल टाइगर इन दिनों अपनी अगली फिल्म मुन्ना माइकल की रिलीज की तैयारी में लगे हैं और इसके बाद वे अहमद खान की बागी के सीक्वल की शूटिंग शुरू करेंगे।

# मुड़-मुड़ के न देख में तब्बू संग आयुष्मान की जोड़ी




बॉलिवुड अभिनेत्री तब्बू एक बार फिर से तैयार हैं अपने बेहतरीन अदाकारी दिखाने के लिए। तब्बू इन दिनों एक साथ दो फिल्मों की शूटिंग कर रही हैं। अजय देवगन के साथ जहां वह निर्देशक रोहित शेट्टी की सुपरहिट फिल्म गोलमाल के अगले भाग की शूटिंग में बिजी हैं, वहीं दूसरी ओर श्रीराम राघवन के निर्देशन में वह आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म मुड़-मुड़ के न देख की शूटिंग करने में जुटी हैं। तब्बू और आयुष्मान खुराना स्टारर फिल्म का टाइटल लंबे समय से अटका था, अब जाकर फाइनल किया गया है। साल 1955 में आई राज कपूर की सुपरहिट फिल्म श्री 420 के गाने हिटगाने मुड़ मुड़ के ना देख की इस पहली लाइन को फिल्म का टाइटल बनाया गया है। तब्बू की इस फिल्म को इसी साल के अंत में रिलीज किए जाने की प्लानिंग की जा रही है लेकिन अभी तक इसकी रिलीज डेट को तय नहीं किया गया है। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों तेजी से लोनावाला और पुणे में की जा रही है। फिल्म की लगभग 30 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है। श्रीराम बदलापुर के करीब दो साल बाद अपनी अ÷ली फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना पहली बार तब्बू के साथ नजर आएंगे। गौरतलब हो कि तब्बू और आयुष्मान में कुल 13 साल का फासला है। तब्बू जहां 45 साल की हैं, वहीं आयुष्मान अभी 32 साल के हैं। तब्बू पिछली बार फिल्म फितूर में नजर आई थी और आयुष्मान की पिछले दिनों रिलीज फिल्म मेरी प्यारी बिंदू थी।

# बॉलीवुड का सबसे लंबा किस स्वास्तिका मुखर्जी के नाम

बॉलीवुड में इंटीमेट सीन का चलन जोरों पर है। आज की दौर में फिल्मों की बात करें तो बिना इंटीमेट सीन के किसी भी फिल्म को कम्प्लीट नहीं माना जाता है। वहीं ऐसे में एक एक्ट्रेस ने ऐसी सीन्स में भी रिकॉर्ड कायम कर लिया है। जी हां, सुनने में थोड़ा अजीब जरूर लगेगा लेकिन ये सच है। बॉलीवुड की एक एक्ट्रेस ने अब तक का सबसे लंबा किस करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इस इंटीमेट सीन के बाद इस एक्ट्रेस की चर्चाएं जोरों पर हैं। वहीं ये भी सामने आया है कि इस एक्ट्रेस ने पहले भी न्यूड सीन दिए हैं। वहीं इस एक्ट्रेस का ये हॉट अवतार देखकर आपकी भी नींदें उड़ जाएंगी। हम बात कर रहे हैं बंगाली अभिनेत्री स्वास्तिका मुखर्जी की। स्वास्तिका बंगाली सिनेमा की सबसे हॉट अभिनेत्रियों में से एक हैं। जो अपनी बोल्डनेस के लिए मशहूर हैं। उन्होंने कई फिल्मों में जबदस्त इंटीमेट सीन दिए हैं। इस फिल्म में दिया किसिंग सीन : स्वास्तिका ने फिल्म डिटेक्टिव ब्योमकेश बख्शी में सबसे लंबा किसिंग सीन दिया था। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता सुशांत सिंह थे। इनके साथ फिल्माया गया सीन : सुशांत ने बंगाली ऐक्ट्रेस स्वास्तिका मुखर्जी के साथ एक लिपलॉक सीन फिल्माया है। पता ही नहीं था इन्हें मजे की बात है कि जब सुशांत ने यह सीन फिल्माया तो उन्हें पता नहीं था कि वह सबसे लंबे किंसिंग सीन का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इन वजहों से भी रहीं सुर्खियों में स्वास्तिका पर चोरी के साथ ही खुदकुशी की कोशिश करने के आरोप हैं।